**अत्यावश्यक / महत्वपूर्ण**

प्रेषक,

सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद
उ0प्र0 प्रयागराज।

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः मा0शि0प0 / सिस्टम सेल / 60 दिनांकः 23-04-2026

विषयः वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा के परीक्षार्थियों के शैक्षिक विवरणों की त्रुटियों के निवारण के संबंध में।

महोदय,

आप अवगत हैं कि माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ०प्र० की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं का परिणाम दिनांक 23.04.2026 को घोषित किया जा चुका है। इन परीक्षाओं में सम्मिलित छात्र / छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में संशोधन हेतु पूर्व में कई अवसर प्रदान किए जा चुके हैं।

परीक्षार्थियों के प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र में त्रुटिरहित विवरण सुनिश्चित करने तथा छात्र / छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को अनावश्यक असुविधा से बचाने के उद्देश्य से परिषद् द्वारा शैक्षिक विवरणों के संशोधन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।

यदि शैक्षिक विवरणों में किसी प्रकार की त्रुटि, जैसे–छात्र / छात्रा का नाम, माता / पिता के नाम में वर्तनी त्रुटि, जन्मतिथि, फोटो आदि में संशोधन अपेक्षित हो, तो संबंधित प्रधानाचार्य परिषद् की वेबसाइट upmsp.edu.in पर लॉगिन कर निर्धारित प्रारूप एवं मैन्युअल डाउनलोड कर लें।

तत्पश्चात प्रधानाचार्य द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवश्यक संशोधन का विवरण मैन्युअल के अनुरूप स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए, स्वयं सत्यापित कर, आपसे अनुमोदन प्राप्त कर विद्यालय द्वारा पुनः वेबसाइट पर लॉगिन करते हुए पूरित प्रारूप एवं समस्त आवश्यक अभिलेख / साक्ष्य अपलोड कर दिए जाएं।

इस संबंध में परिषद् की वेबसाइट दिनांक 27.04.2026 से 06.05.2026 सायं 06:00 बजे तक सक्रिय रहेगी।

यदि किसी विद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि में, संशोधन अपेक्षित होने के बावजूद, पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जाता तथा प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र निर्गत होने के उपरांत संशोधन की अपेक्षा की जाती है, तो ऐसे विद्यालयों को चिन्हित करते हुए शासनादेश दिनांक 26 दिसम्बर, 2022 के अनुसार मान्यता की शर्तों के प्रस्तर–18 में उल्लिखित परिशिष्ट 'ख' के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी तथा शिथिल पर्यवेक्षण हेतु आपका उत्तरदायित्व भी निर्धारित किया जाएगा।

भवदीय

(भगवती सिंह)
सचिव

पृ०सं० : मा०शि०प०/सिस्टम सेल/ 60-(1-3) दिनांकः 23-04-2026

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. शिक्षा निदेशक (मा0), उ0प्र0, शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।
2. संयुक्त शिक्षा निदेशक/उप शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
3. अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर।

(भगवती सिंह)
सचिव

**CC-09**

# Board of Highschool and Intermediate Education, Uttar Pradesh

Highschool/Intermediate Examination-2026

Master File – Update Data Advice

District/School Code : ………/…………………

| Sr. No. | HighSchool/ Intermediate | Roll Number | Field Code No. | Update Data |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर एवं मुहर

प्रधानाचार्य का नाम……………………………

……………………………………………………………

हस्ताक्षर

जिला विद्यालय निरीक्षक

## मैन्युअल (Manual)

<table>
<tr>
<td>CC-09</td>
<td>
<ul>
<li>इस प्रारूप का प्रयोग परीक्षार्थी के नाम, माता/पिता के नाम में वर्तनी त्रुटि, जन्मतिथि, फोटो आदि के संशोधन हेतु किया जाएगा।</li>
<li>कॉलम–2 में हाईस्कूल के लिए HS अथवा इण्टरमीडिएट के लिए IN अंकित किया जाए।</li>
<li>कॉलम–3 में अनुक्रमांक को भली–भांति तथा स्पष्ट अंकित करें तथा इसे पुनः चेक कर लें।</li>
<li>कॉलम–4 में Field Code Number में अपेक्षित संशोधन के प्रकार के अनुसार निम्नलिखित में से फील्ड कोड का चयन कर अंकित किया जाए, जैसे हाईस्कूल के परीक्षार्थी के नाम में संशोधन हेतु '01' लिखें तथा इण्टरमीडिएट के परीक्षार्थी के पिता के नाम में संशोधन हेतु '07' लिखें।</li>
</ul>
<table>
<tr><th colspan="2">हाईस्कूल</th></tr>
<tr><th>Field Code Number</th><th>संशोधन के प्रकार</th></tr>
<tr><td>01</td><td>Candidate Name</td></tr>
<tr><td>02</td><td>Father Name</td></tr>
<tr><td>05</td><td>Date of Birth</td></tr>
<tr><td>15</td><td>Mother Name</td></tr>
<tr><td>20</td><td>Photo</td></tr>
</table>
<table>
<tr><th colspan="2">इण्टरमीडिएट</th></tr>
<tr><th>Field Code Number</th><th>संशोधन के प्रकार</th></tr>
<tr><td>06</td><td>Candidate Name</td></tr>
<tr><td>07</td><td>Father Name</td></tr>
<tr><td>15</td><td>Mother Name</td></tr>
<tr><td>20</td><td>Photo</td></tr>
</table>
<ul>
<li>कॉलम–5 में जो अपडेट अपेक्षित है, उसका स्पष्ट उल्लेख करें। नाम में वर्तनी त्रुटि के संशोधन हेतु अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषा में नाम अंकित करें।</li>
<li>फोटो अपडेशन हेतु अन्य विवरण भरते हुए प्रारूप पर दाहिनी ओर स्पष्ट फोटो चस्पा कर दें।</li>
</ul>
</td>
</tr>
</table>

नोट– संशोधन हेतु आवश्यक अभिलेख/साक्ष्य :

| क्रम | संशोधन का प्रकार | आवश्यक प्रपत्र |
|---|---|---|
| 1– | विद्यार्थी के नाम अथवा माता/पिता के नाम में वर्तनी त्रुटि | प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित आवेदन पत्र, प्रवेश आवेदन पत्र, एस0आर0 रजिस्टर की प्रमाणित प्रति, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित टी० सी०, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित टी० सी०, पंजीकरण प्रपत्र, नामावली (10/12), परीक्षार्थी का पहचान पत्र |
| 2– | विद्यार्थी की जन्मतिथि में संशोधन | प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित आवेदन पत्र, छात्र का प्रवेश आवेदन पत्र, एस0आर0 रजिस्टर की प्रमाणित प्रति, उपस्थिति पंजिका की प्रमाणित प्रति, परीक्षार्थी का पहचान पत्र, कक्षा 9वीं अथवा 11वीं के पंजीकरण कार्ड की प्रतिलिपि, सही प्रविष्टियों से सम्बन्धित हलफनामा (AFFIDAVIT), जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित टी० सी०, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित टी० सी० |
| 3– | विद्यार्थी की फोटो में संशोधन | प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित आवेदन पत्र, एस0आर0 रजिस्टर की प्रमाणित प्रति, परीक्षार्थी का फोटो युक्त पहचान पत्र |